## प्रतिदर्श प्रश्न पत्र

विषय कोड–136 | 2025–26 | संकेतांक–329

कक्षा–12

## अर्थशास्त्र (केवल प्रश्न पत्र)

समयः 3 घण्टे 15 मिनट | पूर्णांक–100

नोटः–प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

निर्देश–(1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(2) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न है, जिनका केवल सही उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखना है। प्रश्न संख्या– 11 से 16 तक अतिलघुत्तरीय है जिनका उत्तर लगभग 50 शब्दों में देना है प्रत्येक प्रश्न 4 अंक के है। प्रश्न संख्या 17 से 22 तक लघु उत्तरीय 6 अंक के है, जिनका उत्तर लगभग 150 शब्दों में देना है। प्रश्न संख्या 23 से 25 विस्तृत उत्तरीय है जिसके लिए 10 अंक निर्धारित है। इसका उत्तर 300 शब्दों में देना है।

(3) सभी प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित है।

### बहुविकल्पीय प्रश्न

प्रश्न–1 निम्नलिखित में कौन सा एक समष्टि अर्थशास्त्र का विषय वस्तु नहीं है– 1

(a) राष्ट्रीय आय (b) विदेशी विनियम

(c) मांग का नियम (d) सार्वजनिक व्यय

प्रश्न–2 भारत में राष्ट्रीय आय का आकलन किसके द्वारा किया जाता है– 1

(a) वित्त मंत्रालय (b) भारतीय रिजर्व बैंक

(c) राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन (d) केन्द्रीय सांख्यिकीय

प्रश्न–3 केन्द्रीय बैंक की नीति कहलाती है– 1

(a) राज्यकोषीय नीति (b) मौद्रिक नीति

(c) विदेशी विनिमय नीति (d) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार नीति

प्रश्न–4 मुद्रा की मांग तथा ब्याज की दर में..................... सम्बन्ध है– 1

(a) प्रत्यक्ष (b) विपरीत

(c) अप्रत्यक्ष (d) स्थिर

प्रश्न–5 सीमान्त उपभोग प्रवृति MPC तथा सीमान्त बचत प्रवृति MPS का योग होगा– 1

(a) 0 (b) 2

(c) 1 (d) 3

प्रश्न–6 गुणक का मूल्य निम्नलिखित में से किस पर निर्भर करता है– 1

(a) सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति (b) उपभोक्ता की आय

(c) स्वायन्त विनियोग (d) ब्याज की दर

प्रश्न–7 भारत सरकार के वार्षिक बजट की अवधि होती है– 1

(a) 1 जनवरी से 31 दिसम्बर (b) 1 जुलाई से 30 जून

(c) 1 अप्रैल से 31 मार्च (d) उपरोक्त में से कोई नही

प्रश्न–8 मंदी के समय कैसा बजट उपयुक्त रहता है– 1

(a) अतिरेक बजट (b) घाटे का बजट

(c) संतुलित बजट (d) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न–9 विदेशी व्यापार में घाटा होता है जब– 1

(a) आयात घटते है (b) निर्यात घटते है

(c) आयात निर्यात से कम होगा (d) निर्यात आयात से कम होगा

प्रश्न–10 अदृश्य निर्यात का अर्थ है– 1

(a) निषिद्व वस्तुओं का निर्यात (b) वस्तुओं का निर्यात

(c) सेवाओं का निर्यात (d) पूँजी का निर्यात

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न–11 व्यष्टि तथा समष्टि अर्थशास्त्र में अन्तर स्पष्ट कीजिए? 4

प्रश्न–12 सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति किसे कहते है? 4

प्रश्न–13 स्थानापन्न एवं पूरक वस्तुओं में भेद कीजिए? 4

प्रश्न–14 उत्पादन के साधनों का प्रयोग करके एक उत्पादक अल्पकाल में मांग के अनुसार पूर्ति को क्या बढ़ा सकता है? समझाइये। 4

प्रश्न–15 आपूर्ति सारणी में कीमत तथा मांग को किस–किस अक्ष पर दर्शाते है? 4

प्रश्न–16 बाजार में कीमत का निर्धारण किस प्रकार होता है? 4

## लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न–17 पूर्ण प्रतियोगिता का वर्णन कीजिए? 6

प्रश्न–18 केन्द्रीय बैंक के प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिए? 6

प्रश्न–19 राष्ट्रीय आय की अवधारणा क्या है? 6

प्रश्न–20 $Y=C+I$ को स्पष्ट कीजिए? 6

प्रश्न–21 एक विकासशील देश के विकास में राजकोषीय नीति की भूमिका बताइये? 6

प्रश्न–22 भुगतान सन्तुलन के असन्तुलित होने से देश पर क्या प्रभाव पड़ता है? 6

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न–23 मांग की लोच से क्या तात्पर्य है? मांग की लोच को प्रभावित करने वाले कारको का वर्णन करो। 10

अथवा

उदासीनता की लोच विश्लेषण से आप क्या समझते है?उदासीनता वक्र की सहायता से उपभोक्ता के सन्तुलन को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न–24 पूर्ण प्रतियोगिता को सविस्तार समझाइये?क्या पूर्ण प्रतियोगिता को व्यवहारिक जीवन में लागू कर सकते है। 10

अथवा

परिवर्तनशील अनुपात के नियम की विभिन्न अवस्थाओं का वर्णन कीजिए?

प्रश्न–25 राष्ट्रीय आय को परिभाषित कीजिए?इसे मापने में कौन–कौन सी कठिनाइयाँ आती है। 10

अथवा

आर्थिक प्रणाली के समुच्चय को स्पष्ट कीजिए?